कोरोना से लडने के लिए जेडीए कर रहा वृहत स्तर पर तैयारियॉ 20 हजार लोगों की क्षमता के क्वारनटिन सेंटर्स बनाए जाएंगे 6 हजार लोगों के लिए क्वारनटिन सेंटर्स तैयार 14 हजार लोगों की क्षमता के क्वारनटिन सेंटर्स की तैयारी जोरों पर

District : dipr
Department :
VIP Person : General
Press Release
State News
Attached Document :
SS-16-04-20-04.docx (http://103.203.138.54/news/205988/document/SS-16-04-20-04.docx)

DESCRIPTION

कोरोना से लडने के लिए जेडीए कर रहा वृहत स्तर पर तैयारियॉ
20 हजार लोगों की क्षमता के क्वारनटिन सेंटर्स बनाए जाएंगे
6 हजार लोगों के लिए क्वारनटिन सेंटर्स तैयार
14 हजार लोगों की क्षमता के क्वारनटिन सेंटर्स की तैयारी जोरों पर

जयपुर, 16 अप्रैल। जेडीए द्वारा मुख्यमंत्री के निर्देशों की पालना में जयपुर में कोविड-19 से संक्रमित के संपर्क में आने वाले संभावित 20 हजार लोगों के लिए क्वारनटिन सेंटर्स बनाए जाएंगे। जेडीए द्वारा जयपुर में अब तक विभिन्न स्थानों पर 6 हजार लोगों के लिए क्वारनटिन सेंटर्स तैयार किए जा चुके हैं वहीं 14 हजार लोगों की क्षमता के क्वारनटिन सेंटर्स की तैयारियॉ जोरों पर की जा रही है।

जयपुर विकास आयुक्त श्री टी. रविकांत ने बताया कि कोविड-19 से संक्रमित के संपर्क में आने वाले संभावित 20 हजार लोगों के लिए मुख्यमंत्री के निर्देशों की पालना में क्वारनटिन सेंटर्स बनाने के लिए जेडीए द्वारा जयपुर में विभिन्न स्थानों पर 20 संस्थाओं के छात्रावासों, जेडीए एवं हाउसिंग बोर्ड के फ्लैट्स में 6 हजार लोगों के लिए क्वारनटिन सेंटर्स की तैयार करते हुए 14 हजार लोगों की क्षमता के क्वारनटिन सेंटर्स तैयार किए जाने के लिए तीव्रता से रात-दिन तैयारियॉ की जा रही है।

जेडीए एवं हाउसिंग बोर्ड के फ्लैट्स में अधिकारियों द्वारा बिजली, पानी, आवश्यक लाईट एवं पंखे सहित अन्य व्यवस्थाएं शीघ्र पूरी करने के कार्य शुरू कर दिया है, जो शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा।
इसके साथ साथ ही संचालित किए जा रहे सभी क्वारनटिन सेंटर्स को सेनेटाईज किए जाने का कार्य भी किया जा रहा है।

**क्वारटिंन सेंटर्स के लिए 40 टीम गठित कर
300 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को किया नियुक्त**

जेडीए द्वारा जयपुर में विभिन्न स्थानों पर कोविड-19 से संक्रमित के संपर्क में रहे लोगों को क्वारटिंन करने के लिए 6 हजार लोंगों की क्षमता के क्वारनटिन सेंटर्स की स्थापना की गई है, जिनके संचालन एवं व्यवस्थाएं संभालने के लिए 40 टीम बनाकर 300 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को लिए दो शिफ्टों में नियुक्त किया जा चुका है।

जेडीए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की गठित टीमों द्वारा 12-12 घंटे की दो शिफ्टों में कार्य किया जा रहा है। प्रत्येक टीम में 5-6 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को लगाया गया है। प्रत्येक 100 क्वारटिंन किए गए लोगों पर एक टीम द्वारा कार्य किया जाएगा, जिससे क्वारटिंन किए गए लोगों को किसी भी तरह की समस्या ना हो।

इसके अतिरिक्त जेडीए द्वारा प्रत्येक क्वारटिंन सेंटर्स की प्रभावी
मॉनिटरिंग के लिए जेडीए के वरिष्ठ अधिकारियों को लगाया गया है। साथ ही जेडीए में स्थापित कंट्रोल रूम 24 कार्य कर रहा है। कंट्रोल रूम के दूरभाष 0141.2547399 है।

1354 लोगों को किया क्वारटिंन सेंटर्स में शिफ्ट

वर्तमान में संचालित 14 क्वारटिंन सेंटर्स पर 1354 लोगों का क्वारटिंन किया गया है, क्वारटिंन किए गए लोगों को दोनों समय पर्याप्त रूप से नाश्ता, भोजन एवं पानी सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। क्वारटिंन सेंटर्स पर राज्य सरकार द्वारा चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध करवाई जा रही है।

SUPPORTING IMAGES

Copyright © 2016 Information and Public Relations Department. All Right Reserved.

Last Updated On: **17/4/2020**
You are visitor No.:

001683985

Website Policies (/content/dipr/en/websitepolicies.html) | Disclaimer (/content/dipr/en/disclaimer.html) |

Accessibility (/content/dipr/en/accessibility.html) | Sitemap (/content/dipr/en/sitemap.html)

Nodal Officer: **Sh. Arun Kumar Joshi**

Designation : Joint Director(News)

Mobile Number : 9610409010

Email: dpr-comp-rj@nic.in

This website belongs to Information and Public Relations Department

We're on social networks

(https://www.facebook.com/DIPRRajasthan) (https://twitter.com/dipr_rajasthan) (https://www.youtube.com/channel/UC2oIZW3EmG59rjejhn

(https://validator.w3.org/) (https://jigsaw.w3.org/css-validator/check/referer)